गंगसरा में साइकिल यात्रा स्वागत

पुवायां। द जेंटलमैन साइकिल क्लब की यात्रा नगर के हॉली चिल्ड्रेन स्कूल से शुरू होकर गांव गंगसरा में पीएचसी और रेंज कार्यालय तक पहुंची। यहां पीएचसी के प्रभारी डॉ. प्रदीप कटियार और वन दरोगा संदीप यादव ने यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के डॉ. अरुण शर्मा ने क्लब के सदस्यों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

क्लब संस्थापक सुबोध कुमार वर्मा, राजीव शर्मा, श्याम कुमार त्रिवेदी, संजय मिश्रा, राजेश नीलम गुप्ता, सुनील सिंघानिया, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह यादव, रामसेवक राठौर आदि साइकिल से गांव गंगसरा की पीएचसी पहुंचे। सदस्यों ने कोविड के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की। साइकिल यात्रा गांव गंगसरा में ही वन विभाग के रेंज कार्यालय पहुंची। नार्वे की एक कंपनी में काम करने वाले डॉ. अरुण शर्मा ने बताया कि वह भी साइकिलिंग के शौकीन है और अपने ऑफिस साइकिल से जाते है। साइकिल क्लब के सदस्यों ने डॉ. अरुण शर्मा को अपने क्लब का सदस्य बनाया। संवाद

शाहजहांपुर में साइकिल रैली में शामिल नगर आयुक्त व अन्य। संवाद

स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए निकाली साइकिल रैली

शाहजहांपुर। नगर निगम की ओर से महानगर में स्वच्छता के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने और स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में अधिकाधिक नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साइकिल रैली निकाली। इसमें राइडिंग क्लब एवं मॉर्निंग वॉकर्स एसोसिएशन के सदस्य व नगर निगम के अधिकारी शामिल हुए। संवाद